केपीआर एग्रोकेम के आईपीओ को मंजूरी

नई दिल्ली, (भाषा)। केपीआर एग्रोकेम को पूंजी बाजार नियामक सेबी से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम :आईपीओ: के लिये मंजूरी मिल गयी है। इस आईपीओ के जरिये कंपनी को कम-से-कम 180 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। इसके साथ सेबी इस साल अबतक 11 कंपनियों को आईपीओ लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे चुका है। जिन कंपनियों को सेबी से निर्गम लाने की मंजूरी मिली है, उसमें महानगर गैस, इक्विटास होल्डिंग, नई दिल्ली सेंटर फार साइट, थाइरोकेयर टेक्नोलाजीज, उज्जीवन फाइनेंशियल सर्विसेज तथा दिलीप बिल्डकाम शामिल हैं। केपीआर एग्रोकेम ने दिसंबर 2015 में सेबी के पास विवरण पुस्तिका जमा किया था। उसे पांच अप्रैल को मंजूरी मिली।आईपीओ के तहत 180 करोड़ रुपये का ताजा निर्गम लाया जाएगा जबकि मौजूदा शेयरधारक 50 लाख इक्विटी शेयर बिक्री के लिये रखेंगे। निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग तमिलनाडु में कारखाना लगाने, आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक में नया किसान सेवा केंद्र स्थापित करने तथा आंध्र प्रदेश में मौजूदा कारखाने को आधुनिक रूप देने में किया जाएगा।